रजिस्ट्री सं० डी-(डी)—73

REGISTERED No. D-(D)—73

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

प्राधिकार से प्रकाशित

PUBLISHED BY AUTHORITY

सं० 47] नई दिल्ली, शनिवार, नवम्बर 20, 1976 (कार्तिक 29, 1898)

No. 47] NEW DELHI, SATURDAY, NOVEMBER 20, 1976 (KARTIKA 29, 1898)

इस भाग में भिन्न पृष्ठ संख्या दी जाती है जिससे कि यह अलग संकलन के रूप में रखा जा सके।

Separate paging is given to this Part in order that it may be filed as a separate compilation.

विषय-सूची

	पृष्ठ
भाग I—खंड 1—(रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) भारत सरकार के मंत्रालयों और उच्चतम न्यायालय द्वारा जारी की गई विधितर नियमों, विनियमों तथा आदेशों और संकल्पों से सम्बन्धित अधिसूचनाएं	787
भाग I—खंड 2—(रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) भारत सरकार के मंत्रालयों और उच्चतम न्यायालय द्वारा जारी की गई सरकारी अफसरों की नियुक्तियों, पदोन्नतियों, छुट्टियों आदि से सम्बन्धित अधिसूचनाएं	1855
भाग I—खंड 3—रक्षा मंत्रालय द्वारा जारी की गई विधितर नियमों, विनियमों, आदेशों और संकल्पों से सम्बन्धित अधिसूचनाएं	—
भाग I—खंड 4—रक्षा मंत्रालय द्वारा जारी की गई अफसरों की नियुक्तियों, पदोन्नतियों, छुट्टियों आदि से सम्बन्धित अधिसूचनाएं	1575
भाग II—खंड 1—अधिनियम, अध्यादेश और विनियम	—
भाग II—खंड 2—विधेयक और विधेयकों संबंधी प्रवर समितियों की रिपोर्टें	—
भाग II—खंड 3—उपखंड (i)—(रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) भारत सरकार के मंत्रालयों और (संघ-राज्य क्षेत्रों के प्रशासनों को छोड़कर) केन्द्रीय प्राधिकारियों द्वारा जारी किए गए विधि के अन्तर्गत बनाए और जारी किए गए साधारण नियम (जिनमें साधारण प्रकार के आदेश, उप-नियम आदि सम्मिलित हैं)	28 35
भाग II—खंड 3—उपखंड (ii)—(रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) भारत सरकार के मंत्रालयों और (संघ-राज्य क्षेत्रों के प्रशासनों को छोड़कर) केन्द्रीय प्राधिकारियों द्वारा विधि के अन्तर्गत बनाए और जारी किए गए आदेश और अधिसूचनाएं	3979
भाग II—खंड 4—रक्षा मंत्रालय द्वारा अधिसूचित विधिक नियम और आदेश	367
भाग III—खंड 1—महालेखापरीक्षक, संघ लोक-सेवा आयोग, रेल प्रशासन, उच्च न्यायालयों और भारत सरकार के अधीन तथा संलग्न कार्यालयों द्वारा जारी की गई अधिसूचनाएं	9895
भाग III—खंड 2—एकस्व कार्यालय, कलकत्ता द्वारा जारी की गई अधिसूचनाएं और नोटिस	889
भाग III—खंड 3—मुख्य आयुक्तों द्वारा या उनके प्राधिकार से जारी की गई अधिसूचनाएं	69
भाग III—खंड 4—विधिक निकायों द्वारा जारी की गई विधिक अधिसूचनाएं जिनमें अधिसूचनाएं, आदेश, विज्ञापन और नोटिस शामिल हैं	2189
भाग IV—गैर सरकारी व्यक्तियों और गैर-सरकारी संस्थाओं के विज्ञापन तथा नोटिस	197

CONTENTS

	PAGE
PART I—SECTION 1.—Notifications relating to Non-Statutory Rules, Regulations, Orders and Resolutions issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by the Supreme Court	787
PART I—SECTION 2.—Notifications regarding Appointments, Promotions, Leave etc. of Government Officers issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by the Supreme Court	1855
PART I—SECTION 3.—Notifications relating to Non-Statutory Rules, Regulations, Orders and Resolutions issued by the Ministry of Defence	—
PART I—SECTION 4.—Notifications regarding Appointments, Promotions, Leave etc. of Officers issued by the Ministry of Defence	1575
PART II—SECTION 1.—Acts, Ordinances and Regulations	—
PART II—SECTION 2.—Bills and Reports of Select Committees on Bills	—
PART II—SECTION 3.—SUB. SEC. (i).—General Statutory Rules (including orders, bye-laws etc. of general character) issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by Central Authorities (other than the Administrations of Union Territories) ..	2835
PART II—SECTION 3.—SUB. SEC. (ii).—Statutory Orders and Notifications issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by the Central Authorities (other than the Administrations of Union Territories) ..	3979
PART II—SECTION 4.—Statutory Rules and Orders notified by the Ministry of Defence ..	367
PART III—SECTION 1.—Notifications issued by the Auditor General, Union Public Service Commission, Railway Administration, High Courts and the Attached and Subordinate Offices of the Government of India ..	9895
PART III—SECTION 2.—Notifications and Notices issued by the Patent Office, Calcutta ..	889
PART III—SECTION 3.—Notifications issued by or under the authority of Chief Commissioners	69
PART III—SECTION 4.—Miscellaneous Notifications including Notifications, Orders, Advertisements and Notices issued by Statutory Bodies	2189
PART IV—Advertisements and Notices by Private Individuals and Private Bodies	197

भाग I—खण्ड 1

PART I—SECTION 1

(रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) भारत सरकार के मंत्रालयों और उच्चतम न्यायालय द्वारा जारी की गई विधितर नियमों, विनियमों तथा आदेशों और संकल्पों से सम्बन्धित अधिसूचनाएं

[Notifications relating to Non-Statutory Rules, Regulations, Orders and Resolutions issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by the Supreme Court]

राष्ट्रपति सचिवालय

नई दिल्ली, दिनांक 8 नवम्बर 1976

सं० 90 प्रेज/76—राष्ट्रपति पश्चिम बंगाल पुलिस के निम्नांकित अधिकारी को उसकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं :—

अधिकारी का नाम तथा पद
श्री छत्रधर महतो,
कांस्टेबल नं० 1081,
जिला बंकुर,
पश्चिम बंगाल ।

सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया ।

8/9 अप्रैल, 1975 की आधी रात को बम, चाकुओं तथा अन्य घातक हथियारों से लैस 30 सशस्त्र डाकुओं के एक गरोह ने डकैती डालने के उद्देश्य से कौतुलपुर थाने के अन्तर्गत नादीकुल गांव पर हमला किया । कांस्टेबल छत्रधर महतो, जो गांव के पास मारदी चैक पोस्ट पर नियुक्त थे बमों के विस्फोट की आवाज़ सुनकर एक अन्य कांस्टेबल के साथ तुरन्त घटनास्थल की ओर दौड़े । दोनों कांस्टेबल बन्दूकों से लैस थे । पुलिस दल को देख कर डाकुओं ने बम तथा अन्य घातक अस्त्र फेंकने आरम्भ कर दिये । अविचलित रहते हुए कांस्टेबल छत्रधर महतो ने मोर्चा सम्भाला और अपनी बन्दूक से गोली चला कर एक डाकु को घायल कर दिया जिसकी बाद में घावों के कारण मृत्यु हो गई । घटनास्थल से कुछ साबुत और कुछ फटे हुए बम बरामद हुए ।.

श्री छत्रधर महतो ने इस प्रकार अनुकरणीय साहस, पहल शक्ति और उच्चकोटि की कर्त्तव्य-परायणता का परिचय दिया ।

2. यह पदक पुलिस पदक नियमावली के नियम 4 (i) के अन्तर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरूप नियम 5 के अन्तर्गत विशेष स्वीकृत भत्ता भी दिनांक 9 अप्रैल, 1975 से दिया जाएगा ।

सं० 91-प्रेज/76—राष्ट्रपति पश्चिम बंगाल पुलिस के निम्नांकित अधिकारी को उसकी वीरता के लिये पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं :—

अधिकारी का नाम तथा पद
श्री जितेन्द्र नाथ राय,
पुलिस उप-निरीक्षक,
नादिया,
पश्चिम बंगाल ।

सेवाओं का विवरण जिनके लिये पदक प्रदान किया गया ।

22 मई, 1975 को नादिया जिले के थाना कोतवाली के श्री जितेन्द्र नाथ राय को सूचना मिली कि कुछ कुख्यात डाकू हथियारों तथा गोला बारुद के साथ डकैती डालने के विचार से गोलडाह मैदान में एकत्र हुये हैं । उप-निरीक्षक समय नष्ट किये बिना उपलब्ध दल को लेकर तुरन्त गांव की ओर चल पड़े । वे रात्रि के लगभग 1 बजे गोलडाह मैदान में पहुंचे जब वहां घुप अंधेरा था । पुलिस टुकड़ी के आने का पता लगने पर अपराधियों ने गोलियां चलानी शुरू कर दीं । श्री राय ने अपने आदमियों की मोर्चा लेकर जवाबी गोलीबारी करने के लिये कहा और साथ ही अपने रिवाल्वर का भी प्रयोग किया । पुलिस की दृढ़ कारवाई के परिणाम-स्वरूप एक कुख्यात अपराधी गम्भीर रूप से घायल हो गया तथा बाद में हस्पताल में मर गया । उक्त मुठभेड़ में लगभग 10 डाकु थे जिनमें से चार को गिरफ्तार कर लिया गया और एक को मार गिराया गया । शेष अंधेरे की आड़ में बचकर भाग गये । पुलिस ने एक दुनाली बन्दूक बरामद की ।

इस मुठभेड़ में श्री जितेन्द्र नाथ राय ने उत्कृष्ठ वीरता, साहस नेतृत्व और उच्चकोटि की कर्त्तव्यपरायणता का परिचय दिया ।

2. यह पदक पुलिस पदक नियमावली के नियम 4 (i) के अन्तर्गत वीरता के लिये दिया जा रहा है तथा फलस्वरूप नियम 5 के अन्तर्गत विशेष स्वीकृत भत्ता भी दिनांक 22 मई, 1975 से दिया जायेगा ।

सं० 92-प्रेज/76—राष्ट्रपति पश्चिम बंगाल पुलिस के निम्नांकित अधिकारी को उसकी वीरता के लिये पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं :—

अधिकारी का नाम तथा पद
श्री महादेव घोष,
कांस्टेबल सं० 923,
जिला बंकुर,
पश्चिम बंगाल ।

सेवाओं का विवरण जिनके लिये पदक प्रदान किया गया ।

27 अप्रैल, 1974 की रात्रि को एक पुलिस दल कुछ अपेक्षित व्यक्तियों को तलाश करने के लिये पल्ला गांव को गया । जब वह सुखानीबास गांव पहुंचा तो आतंकित ग्रामवासियों ने उन्हें बताया कि कुछ देर पहले ही उस गांव में डकैती पड़ी थी और डाकू बम फैंक रहे थे । डाकुओं की खोज करने के लिये पुलिस दल छोटी-छोटी टुकड़ियों में बंट गया और घटनास्थल की ओर चल पड़ा । कांस्टेबल महादेव घोष तथा एक अन्य कांस्टेबल उसी समय होने वाले विस्फोट की आवाज पर उस ओर दौड़े । उन्होंने कुछ संदिग्ध व्यक्ति देखे जिन्होंने कांस्टेबलों को देखकर बमों की एक बौछाड़ फैंक कर भाग निकलने का प्रयत्न किया । कांस्टेबल महादेव घोष केवल लाठी लिये हुए थे परन्तु उन्होंने अपने साथी की बन्दूक लेकर गोली चलाई उन्होंने गिरोह के सरदार को जो एक कुख्यात डाकू था निशाना बनाकर जख्मी कर दिया । बाकी डाकू लूट का माल तथा अपने घायल सरदार को छोड़कर भाग गये ।

इस मुठभेड़ में श्री महादेव घोष ने वीरता, साहस, पहलशक्ति और उच्चकोटि की कर्त्तव्यपरायणता का परिचय दिया ।

2. यह पदक पुलिस पदक नियमावली के नियम 4 (i) के अन्तर्गत वीरता के लिये दिया जा रहा है तथा फलस्वरूप नियम 5 के अन्तर्गत विशेष स्वीकृत भत्ता भी दिनांक 27 अप्रैल, 1974 से दिया जायेगा ।

सं० 93-प्रेज/76—राष्ट्रपति पश्चिम बंगाल पुलिस के निम्नांकित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिये पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं :—

अधिकारियों के नाम तथा पद
श्री देवेन्द्र मोहन दत्ता,
पुलिस उप-निरीक्षक,
पश्चिम दीनाजपुर,

पश्चिम बंगाल

श्री चिन्दी लामा,

पुलिस उप-निरीक्षक

पश्चिम दीनाजपुर,

पश्चिम बंगाल ।

सेवाओं का विवरण जिनके लिये पदक प्रदान किया गया ।

10 मार्च, 1975 की आधी रात को घातक हथियारों से लैस लगभग 15 डाकुओं ने किस्तापुर, जिला पश्चिम दीनाजपुर, के एक ग्रामीण के घर डकैती डाली । उसका छोटा भाई घर की एक खिड़की से बचकर निकल भागा और उसने जोर-जोर से शोर मचाया । उप-निरीक्षक दत्ता और लामा जो उक्त गांव से लगभग डेढ़ मील की दूरी पर गश्ती-ड्यूटी पर थे, शोर सुनकर गांव की ओर दौड़े और उस घर को घेर लिया जिसको डाकू लूट रहे थे । दोनों उप-निरीक्षक रेंगकर घर में घुस गये परन्तु डाकुओं ने उन्हें देख लिया और उन पर गोलियां चला दीं । अपने जीवन के खतरे की परवाह किये बिना श्री दत्ता और श्री लामा ने अपनी सर्विस रिवालवरों से गोलियां चला कर डाकुओं को कुचल दिया । दो डाकू घटनास्थल पर मारे गये और अन्य दो घायल हो गये जिनमें से एक की बाद में अस्पताल में मृत्यु हो गई ।

इस मुठभेड़ में श्री देवेन्द्र मोहन दत्ता और श्री चिंदी लामा ने उत्कृष्ट वीरता, साहस, पहलशक्ति और उच्चकोटि की कर्त्तव्यपरायणता का परिचय दिया ।

2. ये पदक पुलिस पदक नियमावली के नियम 4 (i) के अन्तर्गत वीरता के लिये दिये जा रहे हैं तथा फलस्वरूप नियम 5 के अन्तर्गत विशेष स्वीकृत भत्ता भी दिनांक 10 मार्च, 1975 से दिया जायेगा ।

सं० 94-प्रेज/76—राष्ट्रपति मध्य प्रदेश पुलिस के निम्नांकित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिये पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं :—

अधिकारियों के नाम तथा पद

श्री देवदत्त त्रिपाठी,

पुलिस उप-निरीक्षक,

ग्वालियर,

मध्य प्रदेश ।

श्री राम खिलावन,

हैडकांस्टेबल सं० 52, 23वीं बटालियन,

विशेष सशस्त्र बल ,

भोपाल,

मध्य प्रदेश ।

सेवाओं का विवरण जिनके लिये पदक प्रदान किया गया ।

28 दिसम्बर, 1971 को सूचना मिली कि एक कुख्यात डाकू का गिरोह पुलिस स्टेशन खोरपुरा, जिला शिवपुरी से लगभग 18 मील दूर एक पर्वतीय शिखर पर गोलीका के घने जगलों में छिपा है । श्री देवदत्त त्रिपाठी ने उपलब्ध दल को एकत्र किया और तुरन्त उस स्थान की ओर चल पड़े । उन्होंने दल को तीन टुकड़ियों में बांटा जिनमें से एक टुकड़ी का नेतृत्व स्वयं किया । अगली सुबह पुलिस और डाकुओं के बीच जबरदस्त मुठभेड़ हुई । भारी गोलाबारी के बीच श्री त्रिपाठी ने देखा कि गरोह का सरदार एक अपहृत बालक को लेकर बचकर भागने का प्रयास कर रहा है। उन्होंने महसूस किया कि अन्धाधुन्ध गोलाबारी से अपहृत बालक की मृत्यु हो सकती है, इसीलिये वह डाकू के और नजदीक हो गये तथा गोलियों की बौछार के बीच अत्यन्त निकट से उसे गोली मार दी ।

श्री राम खिलावन तीन टुकड़ियों में से एक टुकड़ी का नेतृत्व कर रहे थे जो डाकुओं पर गोली चला रही थी । उन्होंने देखा कि पुलिस दल के अन्य सदस्यों द्वारा तेजी से पीछा किये जाने के कारण डाकू उनकी ओर आ रहे हैं । उन्होंने अनुभव किया कि यदि उन्होंने अन्धाधुन्ध गोली चलाई तो उनके अपने साथी मारे जायेंगे । हिम्मत से काम लेते हुए उन्होंने तब तक इन्तजार किया जब तक कि डाकू अच्छी तरह से उनके निशाने की मार में नहीं आ गये और उसके बाद ही गोली चलाई जिससे डाकुओं में से दो डाकू मारे गये तथा अन्य दो गिरफ्तार कर लिये गये ।

इस मुठभेड़ में चार डाकू मारे गये और तीन को जिन्दा पकड़ लिया गया ।

इस प्रकार श्री देवदत्त त्रिपाठी और श्री राम खिलावन ने उत्कृष्ट वीरता, साहस, सूझबूझ और उच्चकोटि की कर्त्तव्यपरायणता का परिचय दिया ।

2. ये पदक पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(i) के अन्तर्गत वीरता के लिये दिये जा रहे हैं । तथा फलस्वरूप नियम 5 के अन्तर्गत विशेष स्वीकृत भत्ता भी दिनांक 29 दिसम्बर, 1971 से दिया जायेगा ।

सं० 95-प्रेज/76 :—राष्ट्रपति बिहार पुलिस के निम्नांकित अधिकारी को उसकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं :—

अधिकारी का नाम तथा पद

श्री मृत्युंजय कुमार झा,

पुलिस उप-अधीक्षक,

औरंगाबाद,

बिहार ।

सेवाओं का विवरण जिनके लिये पदक प्रदान किया गया ।

18 मार्च, 1974 को श्री मृत्युंजय कुमार झा को कानून व व्यवस्था कार्यों के लिए पटना में इंजीनियर्स एसोसियशन बिल्डिंग पर एक मजिस्ट्रेट और एक पुलिस दल के साथ तैनात किया गया था । लगभग 11 बजे छात्रों की भीड़ ने भवन को घेर लिया तथा इसे अपने क्रोध का निशाना बनाया । भीड़ ने भवन पर भारी पथराव किया और भवन को आग लगाने के लिए अहाते में जबरदस्ती घुसने की कोशिश की । श्री झा ने उपलब्ध दल के साथ इस आक्रमण को विफल कर दिया । थोड़ी देर पश्चात् भवन के पूर्वी भाग तथा रिकार्ड रूम को आग लगा दी गई और भीड़ भवन के अहाते के दरवाजे तोड़ने में सफल हो गई । इस पर श्री झा ने अपने दल को अच्छी तरह मोर्चा सम्भालने के उद्देश्य से भवन के अन्दर हटा लिया । भीड ने मजिस्ट्रेट तथा तीन होम गार्डों को यह आश्वासन देकर कि उन्हें कोई नुकसान नहीं पहुंचाया जाएगा बाहर बुला लिया । परन्तु जैसे ही वे बाहर आये उन पर हमला कर दिया । श्री झा ने अपने दल को, मजिस्ट्रेट और तीन होम गार्डों का, जीवन बचाने के लिए संघर्ष करने का आदेश दिया । श्री झा ने स्वयं एक होम गार्ड से लाठी छीन ली तथा अकेले ही संघर्ष में कूद पड़े । वे मजिस्ट्रेट पर पीछे से हमला करने वाले छात्रों को तितर बितर करने में सफल हो गये किन्तु भीड़ क्रुद्ध होकर उन पर टूट पड़ी । उन पर लोहे की छड़ों, पत्थरों तथा ईंटों से हमला किया गया, यहां तक कि बी० एस० आर० टी० सी० की एक बस से जिसका कुछ समय पहले अपहरण किया गया था उन्हें कुचल कर मारने का भी प्रयास किया गया । भारी चोट से उनकी कोहनी कुचली गई । फिर भी श्री झा पास से जाती हुई एक मोटर साईकल के सवार की सहायता से बच निकलने में सफल हुए ।

इस प्रकार श्री मृत्युंजय कुमार झा ने उत्कृष्ट वीरता, सूझबूझ, अनुकरणीय नेतृत्व और उच्चकोटि की कर्त्तव्यपराग्रता का परिचय दिया ।

2. यह पदक पुलिस पदक नियमावली के नियम 4 (1) के अन्तर्गत वीरता के लिए दिया जा ररहा है तथा फलस्वरूप नियम 5 के अन्तर्गत विशेष स्वीकृत भत्ता भी दिनांक 18 मार्च, 1974 से दिया जाएगा ।

कृ० बालचन्द्रन्,
राष्ट्रपति के सचिव

मंत्रिमंडल सचिवालय

(कार्मिक और प्रशासनिक सुधार विभाग)

नियम

नई दिल्ली, दिनांक 20 नवम्बर 1976

सं० 11/2/76—सी० एस०-II—मंत्रिमंडल सचिवालय में कार्मिक और प्रशासनिक सुधार विभाग के अधीनस्थ सेवा आयोग द्वारा 1977 में निम्नलिखित सेवाओं/पदों में अस्थायी रिक्तियों में नियुक्ति के लिए ली जाने

वाली प्रतियोगितात्मक परीक्षा के नियम सर्वसाधारण की सूचना के लिए प्रकाशित किए जाते हैं :—

(1) भारतीय विदेश (ख) ग्रेड 6;

(2) रेलवे बोर्ड सचिवालय लिपिक सेवा-ग्रेड 2;

(3) केन्द्रीय सचिवालय लिपिक सेवा अवर श्रेणी ग्रेड;

(4) सशस्त्र सेना मुख्यालय लिपिक सेवा अवर श्रेणी ग्रेड;

(5) संसदीय कार्य विभाग, नई दिल्ली में श्रेणी लिपिक के पद;

(6) महानिरीक्षक, भारत-तिब्बत सीमा पुलिस, दिल्ली के कार्यालय में अवर श्रेणी लिपिक के पद; तथा

(7) केन्द्रीय सतर्कता आयोग में निम्न श्रेणी लिपिक के पद; तथा

(8) उपर्युक्त सेवाओं के अन्तर्गत न आने वाले भारत सरकार के अन्य विभागों तथा संबद्ध कार्यालयों में अवर श्रेणी लिपिक के पद; तथा

(9) भारत सरकार के अधीनस्थ कार्यालयों में निम्न श्रेणी लिपिक के पद

कोई उम्मीदवार उपर्युक्त सेवाओं/पदों में से किसी भी एक या एक से अधिक सेवाओं/पदों के लिए आवेदन कर सकता है। वह जितनी भी सेवाओं/पदों के लिए विचार करवाना चाहे उन सबका उल्लेख आवेदन-पत्र में करे।

नोट :—उम्मीदवारों को चाहिए कि वे जिन सेवाओं/पदों के लिए विचार करवाना चाहते हैं, उनका प्राथमिकताक्रम स्पष्टतः लिखें। उम्मीदवार द्वारा प्रारम्भ में अपने आवेदन पत्र में निर्दिष्ट सेवाओं/पदों के प्राथमिकता क्रम में परिवर्तन करने की किसी भी ऐसी प्रार्थना पर, जो अधीनस्थ सेवा आयोग के कार्यालय में दिनांक 31 दिसम्बर, 1976 को या उससे पहले न मिल जाए, विचार नहीं किया जाएगा।

2. परीक्षा के परिणाम पर भरी जाने वाली रिक्तियों की संख्या आयोग द्वारा जारी की गई विज्ञप्ति में निर्दिष्ट की जाएगी। भारत सरकार द्वारा निर्धारित रिक्तियों में भूतपूर्व सैनिक तथा अनुसूचित जातियों और अनुसूचित आदिम जातियों के उम्मीदवारों के लिए आरक्षण किया जाएगा।

भूतपूर्व सैनिक का अर्थ उस व्यक्ति से है जो संघ की सशस्त्र सेना में किसी पद पर (चाहे लड़ाकू के रूप में रहा हो अथवा नहीं) निरन्तर 6 मास की अवधि तक रहा हो और दुराचार या अदक्षता के कारण पदच्युत या सेवा-मुक्त किए जाने को छोड़कर अन्य किसी कारण से नौकरी से मुक्त कर दिया गया है।

स्पष्टीकरण:—इन नियमों के लिए "संघ की सशस्त्र सेना" में भूतपूर्व भारतीय रियासतों की सशस्त्र सेनाएं शामिल होंगी परन्तु निम्न सेनाओं के सदस्य शामिल नहीं हैं :—

(क) आसाम राइफल;

(ख) लोक सहायक सेना;

(ग) जनरल रिजर्व इंजीनियर फोर्स;

(घ) जम्मू तथा कश्मीर मिलिसिया;

(ङ) सैनिक सुरक्षा दल; तथा

(च) प्रादेशिक सेना।

अनुसूचित जाति/आदिम जाति का अभिप्राय उस किसी भी जाति से है जो निम्नलिखित में उल्लिखित है :—

*संविधान (अनुसूचित जाति) आदेश, 1950

*संविधान (अनुसूचित आदिम जाति) आदेश, 1950

*संविधान (अनुसूचित जाति) (संघ राज्य क्षेत्र) आदेश, 1951,

*संविधान (अनुसूचित आदिम जाति) (संघ राज्य क्षेत्र) आदेश, 1951

(अनुसूचित जाति तथा अनुसूचित आदिम जाति सूचियों (संशोधन) आदेश, 1956, बम्बई पुनर्गठन अधिनियम, 1960 पंजाब पुनर्गठन अधिनियम, 1966, हिमाचल प्रदेश राज्य अधिनियम, 1970 तथा उत्तर पूर्वीय क्षेत्र (पुनर्गठन) अधिनियम, 1971 द्वारा संशोधित किए गए अनुसार)

*संविधान (जम्मू व कश्मीर) अनुसूचित जाति आदेश, 1956

*संविधान (अन्डमान तथा निकोबार द्वीप समूह) अनुसूचित आदिम जाति आदेश, 1959

*संविधान (दादरा तथा नागर हवेली) अनुसूचित जाति, आदेश, 1962

*संविधान (दादरा तथा नागर हवेली) अनुसूचित आदिम जाति आदेश, 1962

*संविधान (पांडिचेरी) अनुसूचित जाति आदेश, 1964

*संविधान (अनुसूचित आदिम जाति) (उत्तर प्रदेश) आदेश, 1967

*संविधान (गोवा, दमन तथा दीव), अनुसूचित जाति आदेश, 1968

*संविधान (गोवा, दमन तथा दीव) अनुसूचित आदिम जाति आदेश, 1968

*संविधान (नागालैण्ड) अनुसूचित आदिम जाति आदेश, 1970

3. अधीनस्थ सेवा आयोग द्वारा इस परीक्षा का संचालन इन नियमों के परिशिष्ट में निहित विधि से किया जाएगा।

परीक्षा की तारीखें और स्थान आयोग द्वारा निर्धारित किए जाएंगे।

4. यह आवश्यक है कि उम्मीदवार या तो———

(क) भारत का नागरिक हो, या

(ख) नेपाल की प्रजा, या

(ग) भूटान की प्रजा, या

(घ) ऐसा तिब्बती शरणार्थी हो, जो भारत में स्थायी रूप से बसने की इच्छा से 2 जनवरी, 1962 से पहले भारत में आ गया हो, या

(ङ) ऐसा मूल भारतीय व्यक्ति हो, जो भारत में स्थायी रूप से बसने की इच्छा से पाकिस्तान, बर्मा, श्रीलंका, तथा पूर्वी अफ्रीकी देशों केन्या, उगाण्डा तथा संयुक्त गणराज्य तनजानिया (भूतपूर्व तांगानिका व जंजीबार) से प्रव्रजित हुआ हो

(1) परन्तु ऊपर की श्रेणी (ख), (ग), (घ) और (ङ) से संबंधित उम्मीदवारों के पास भारत सरकार द्वारा उनके नाम दिया गया पात्रता-प्रमाण-पत्र होना चाहिए।

(2) परन्तु यह भी शर्त है कि ऊपर की श्रेणी (ख), (ग) तथा (घ) से सम्बन्धित उम्मीदवार भारतीय विदेश सेवा (ख) ग्रेड VI में नियुक्ति के लिए पात्र नहीं होंगे।

किसी ऐसे उम्मीदवार को, जिसके मामले में पात्रता-प्रमाण-पत्र आवश्यक है, इस शर्त पर परीक्षा में बैठने दिया जा सकता है तथा अनन्तिम रूप से उसकी नियुक्ति भी की जा सकती है, कि उसे सरकार आवश्यक प्रमाण-पत्र दे दे।

5. जो उम्मीदवार किसी अनुसूचित जाति या अनुसूचित आदिम जाति का सदस्य न हो, या संघ राज्य क्षेत्र गोआ, दमन तथा दीव का निवासी न हो, या केन्या, उगांडा और संयुक्त गणराज्य तंजानिया (भूतपूर्व तांगानिका और जंजीबार) जाम्बिया, मलावी, जायरे और इथोपिया से प्रव्रजन करके न आया हो, वह प्रतियोगिता में दो से अधिक बार नहीं बैठ सकता, किन्तु यह प्रतिबन्ध सन् 1961 में हुई परीक्षा से लागू होगा।

टिप्पणी 1. यदि परीक्षा के परिणाम के प्रकाशित होने से पहिले अथवा बाद में किसी भी समय यह पाया गया कि उम्मीदवार परीक्षा में दो बार पहले ही बैठ चुका था और इस परीक्षा में बैठने का पात्र नहीं था तो उसका परिणाम, यथास्थिति, रोक लिया जाएगा अथवा रद्द कर दिया जाएगा और नियम 15 के अनुसार आगे कार्रवाई की जाएगी।

टिप्पणी 2. यदि कोई उम्मीदवार एक या अधिक सेवाओं पदों के लिए, परीक्षा में बैठे, तो इस नियम के प्रयोजन के लिए उस उम्मीदवार को परीक्षा के अन्तर्गत आने वाली सभी सेवाओं/पदों के लिए एक बार प्रतियोगिता परीक्षा में बैठा माना जाएगा।

टिप्पणी 3. किसी उम्मीदवार को प्रतियोगिता परीक्षा में बैठा हुआ तब माना जाएगा जब वह वास्तव में किसी एक या अधिक विषयों की परीक्षा में बैठा हो।

6. (क) इस परीक्षा में बैठने के लिए यह जरूरी है कि 1 जनवरी, 1977 को उम्मीदवार की आयु पूरे 18 वर्ष की हो गई हो और पूरे 25 वर्ष की न हुई हो, अर्थात उसका जन्म 2 जनवरी, 1952 से पहले और 1 जनवरी, 1959 के बाद न हुआ हो।

(ख) उन भूतपूर्व सैनिकों के मामले में जिन्होंने संघ की सशस्त्र सेना में कम-से-कम छः महीने की निरन्तर सेवा की हो उनकी सशस्त्र सेना में कुल सेवा में तीन वर्ष की वृद्धि तक ऊपरी आयुसीमा में छूट दी जाएगी।

परन्तु इस आयु छूट के अधीन परीक्षा में प्रवेश पाने वाले उम्मीदवार केवल भूतपूर्व सैनिकों के लिए आरक्षित रिक्तियों के लिए ही प्रतियोगी होने के हकदार होंगे।

टिप्पणी :—उपरोक्त नियम 6 (ख) के प्रयोजन के लिए किसी भूतपूर्व कर्मचारी की सशस्त्र सेना में आह्वान पर सेवा ("काल अप सरविस") की अवधि भी सशस्त्र सेना में की गई सेवा के रूप में समझी जाएगी।

(ग) उक्त ऊपरी आयु सीमा में निम्नलिखित और अधिक छूट दी जाएगी :—

(1) यदि उम्मीदवार अनुसूचित जाति या अनुसूचित आदिम जाति से सम्बन्धित हो तो अधिक से अधिक 5 वर्ष तक,

(2) यदि उम्मीदवार बंगला देश (भूतपूर्व पूर्वी पाकिस्तान) से आया हुआ वास्तविक विस्थापित व्यक्ति हो और 1 जनवरी, 1964 या उसके बाद किन्तु 25 मार्च 1971 से पूर्व प्रव्रजन करके भारत में आया हो तो अधिक से अधिक तीन वर्ष तक,

(3) यदि उम्मीदवार अनुसूचित जाति या अनुसूचित आदिम जाति का सदस्य हो तथा बंगला देश (भूतपूर्व पूर्वी पाकिस्तान) से आया हुआ वास्तविक विस्थापित व्यक्ति हो और 1 जनवरी, 1961 या उसके बाद किन्तु 25 मार्च, 1971 से पूर्व प्रव्रजन कर के भारत आया हो तो अधिक से अधिक 8 वर्ष तक,

(4) यदि उम्मीदवार श्रीलंका से आया हुआ वास्तविक देश-प्रत्यावर्तित मूल भारतीय व्यक्ति हो और अक्तूबर, 1964 के भारत-लंका समझौते के अधीन पहली नवम्बर, 1964 को या उसके बाद श्रीलंका से भारत में प्रव्रजित हुआ हो तो अधिकतम 3 वर्ष तक,

(5) यदि उम्मीदवार अनुसूचित जाति या अनुसूचित आदिम जाति का सदस्य हो तो तथा श्रीलंका से आया हुआ वास्तविक देश-प्रत्यावर्तित मूल भारतीय व्यक्ति हो और अक्तूबर, 1964 के भारत-श्रीलंका समझौते के अधीन पहली नवम्बर, 1964 को या उसके पश्चात् श्रीलंका से भारत में प्रव्रजित हुआ हो तो अधिकतम 8 वर्ष तक,

(6) यदि उम्मीदवार 21 दिसम्बर, 1961 से तुरन्त पहले उन प्रदेशों का निवासी था जो गोवा, दमन और दीव में शामिल हैं, तो अधिक से अधिक तीन वर्ष तक,

(7) यदि उम्मीदवार मूल भारतीय हो और केन्या, उगांडा और संयुक्त गणराज्य तंजानिया (भूतपूर्व तांगानिका और जंजीबार, जाम्बिया मलावी, जायरे और इथोपिया से प्रव्रजित हो तो अधिकतम तीन वर्ष तक,

(8) यदि उम्मीदवार बर्मा से आया हुआ वास्तविक देश-प्रत्यावर्तित मूल भारतीय व्यक्ति हो और पहली जून, 1963 को या उसके पश्चात् भारत में प्रव्रजित हुआ हो तो अधिक से अधिक 3 वर्ष तक,

(9) यदि उम्मीदवार अनुसूचित जाति या अनुसूचित आदिम जाति का सदस्य हो तथा बर्मा से आया हुआ वास्तविक देश-प्रत्यावर्तित मूल भारतीय व्यक्ति हो और पहली जून, 1963 को या उसके पश्चात् भारत में प्रव्रजित हुआ हो तो अधिकतम 8 वर्ष तक,

(10) किसी दूसरे देश से युद्ध के दौरान अथवा उपद्रवग्रस्त इलाकों में फौजी कार्यवाहियां करते समय अशक्त हुए तथा उसके परिणामस्वरूप नौकरी से निर्मुक्त ऐसे रक्षा सेवा कार्मिकों के मामले में अधिकतम 3 वर्ष तक,

(11) किसी दूसरे देश से युद्ध के दौरान अथवा उपद्रवग्रस्त इलाकों में फौजी कार्यवाहियां करते समय अशक्त हुए तथा उसके परिणामस्वरूप नौकरी से निर्मुक्त ऐसे रक्षा सेवा कार्मिकों के मामले में जो अनुसूचित जातियों अथवा अनुसूचित आदिम जातियों के सदस्य हों, अधिकतम 8 वर्ष तक,

(12) सीमा सुरक्षा दल के कार्मिकों के लिए जो भारत पाकिस्तान संघर्ष 1971 के दौरान अशक्त हुए और उसके परिणामस्वरूप निर्मुक्त हुए उम्मीदवारों के मामलों में अधिकतम तीन वर्ष,

(13) सीमा सुरक्षा दल के अनुसूचित जाति/अनुसूचित आदिम जाति के सदस्य कार्मिकों के लिए जो भारत-पाकिस्तान संघर्ष 1971 के दौरान अशक्त हुए और उसके परिणाम स्वरूप निर्मुक्त हुए उम्मीदवारों के मामलों में अधिकतम 8 वर्ष तक।

(घ) उक्त ऊपरी आयु सीमा में उन व्यक्तियों के मामले में 35 वर्ष तक आयु की छूट दी जाएगी जो भारत सरकार के विभिन्न विभागों में तथा निर्वाचन आयोग के कार्यालय में लिपिकों /सहायक संकलकों/भंडार रक्षकों के पदों पर नियमित रूप से नियुक्त है और 1 जनवरी, 1977 को जिन्हों ने लिपिकों के रूप में कम-से-कम 3 वर्ष की निरन्तर सेवा की है और उसी रूप में कार्य करते आ रहे हैं।

परन्तु यह भी शर्त है कि उक्त आयु की छूट उन व्यक्तियों को नहीं दी जाएगी जो मन्त्रालय/विभागों और सम्बद्ध कार्यालयों में (1) केन्द्रीय सचिवालय लिपिक सेवा (2) भारतीय विदेश सेवा (ख), (3) रेलवे बोर्ड सचिवालय लिपिक सेवा और (4) सशस्त्र सेना मुख्यालय लिपिक सेवा में लिपिकों के रूप में कार्य कर रहे हैं तथा उन व्यक्तियों को जो भूतपूर्व सैनिक हैं और भूतपूर्व सैनिकों के लिए आरक्षित रिक्तियों के लिए परीक्षा में बैठ रहे हैं।

(ङ) उक्त ऊपरी आयु-सीमा में उन व्यक्तियों के मामले में 35 वर्ष की आयु तक छूट दी जाएगी जो केन्द्रीय सचिवालय लिपिक सेवा में भाग लेने भारत सरकार के विभिन्न मन्त्रालयों/विभागों और सम्बद्ध कार्यालयों में हिन्दी लिपिक/हिन्दी टंकक के पदों पर नियुक्त हैं और 1 जनवरी, 1977 को जिन्होंने हिन्दी लिपिकों/हिन्दी टंककों के रूप में कम-से-कम 3 वर्ष की/निरन्तर सेवा की है और उसी रूप में कार्य करते आ रहे हैं।

परन्तु शर्त है कि उक्त आयु की छूट के अन्तर्गत परीक्षा में प्रविष्ट हिन्दी लिपिक/हिन्दी टंकक केवल केन्द्रीय सचिवालय लिपिक सेवा में रिक्तियों के लिए प्रतियोगिता के पात्र होंगे।

(च) ऊपरी आयु सीमा में उन सैनिकों लिपिकों को 45 की आयु तक की छूट दी जाएगी जो सशस्त्र सेना में अपनी कलर सेवा के अन्तिम वर्ष में हैं

अर्थात् उन को जो सेना से 2 जनवरी, 1977 से 1 जनवरी, 1978 की अवधि में निवृत्त होने वाले हैं।

परन्तु शर्त यह है कि उक्त आयु की छूट के अन्तर्गत परीक्षा में प्रविष्ट उम्मीदवार केवल सशस्त्र सेना मुख्यालय तथा अन्तर्सेवा संगठनों में रिक्त स्थानों के लिए ही, जो भूतपूर्व सैनिकों के लिए आरक्षित नहीं हैं, प्रतियोगिता के पात्र होंगे।

(छ) उन टैलिफोन आप्रेटरों के लिए कोई ऊपरी आयु-सीमा नहीं होगी, जो दिनांक 1-1-1977 को विदेश मन्त्रालय में नियुक्त होंगे और जिनकी नियुक्ति यथावत जारी रहेगी।

टिप्पणी (1) डाक व तार विभाग के अधीनस्थ कार्यालयों में नियुक्त रेल डाक छटाईकारों की सेवा उपर्युक्त नियम 6 (घ) के प्रयोजन के लिए लिपिक के ग्रेड में की गई सेवा मानी जाएगी।

टिप्पणी (2) यदि किसी उम्मीदवार को उपर्युक्त नियम (6) (घ), नियम 6 (ङ) और नियम 6 (छ) में उल्लिखित आयु सम्बन्धी रियायतों के अन्तर्गत परीक्षा में बैठने दिया गया हो और यदि आवेदन पत्र देने के बाद, परीक्षा में बैठने से पहले या बाद में, वह नौकरी से त्यागपत्र दे दे या उसके विभाग द्वारा उसकी सेवाएं समाप्त कर दी जाएं, तो उसकी उम्मीदवारी रद्द की जा सकती है। लेकिन यदि आवेदन पत्र प्रस्तुत करने के बाद सेवा या पद से उसकी छंटनी हो जाए तो वह पात्र बना रहेगा।

टिप्पणी (3) किसी लिपिक को जो सक्षम प्राधिकारी के अनुमोदन से किसी निःसंवर्ग पद (एक्स-केडर पोस्ट) पर प्रतिनियुक्त हो, अन्य सब प्रकार से पात्र होने पर परीक्षा में बैठने दिया जायेगा।

टिप्पणी (4) विदेश मन्त्रालय में भाग ले रहे कार्यालयों/विभागों में काम कर रहा कोई स्थायी अथवा अस्थायी टैलीफोन आप्रेटर इस परीक्षा में बैठने का पात्र होगा परन्तु किसी टैलीफोन आप्रेटर को परीक्षा पास करने के लिए दो से अधिक अवसर प्रदान नहीं किए जाएंगे। जो टैलीफोन आप्रेटर सक्षम प्रधिकारी के अनुमोदन से अन्य असंवर्ग पदों पर प्रतिनियुक्ति पर हो, वे इस परीक्षा में प्रवेश के पात्र होंगे यदि वे अन्यथा पात्र हों। यह उस अधिकारी पर भी लागू होगा जो किसी अन्य असंवर्ग पद या स्थानान्तरण पर किसी सेवा में नियुक्त किया गया है, यदि उस समय टैलीफोन आप्रेटर के पद में उसका पुनर्ग्रहणाधिकार है।

टिप्पणी (5) जहां तक इस नियम की उक्त श्रेणी (छ) के अन्तर्गत आने वाले व्यक्तियों का सम्बन्ध है, यह परीक्षा अर्हक होगी, प्रतियोगितात्मक नहीं। उनको टंकण परीक्षा में नहीं बैठना होगा जो इस परीक्षा का एक भाग है। यदि उन्होंने पहले से टंकण परीक्षा पास नहीं कर रखी होगी तो उन्हें इस आयोग द्वारा ली गई कोई आवर्त टंकण परीक्षा निम्न श्रेणी लिपिक के रूप में उनकी नियुक्ति की तारीख से एक वर्ष के अन्दर पास करनी होगी। यदि वे यह परीक्षा पास नहीं करेंगे तो उन्हें कोई वार्षिक वेतन वृद्धि नहीं दी जाएगी जब तक कि वे कथित परीक्षा पास नहीं कर लेंगे।

आयोग द्वारा सिफारिश किया गया टैलीफोन आप्रेटर केवल भारतीय विदेश सेवा (ख)-ग्रेड VI में लिया जाएगा।

ऊपर बताई गई स्थितियों के अलावा निर्धारित आयु-सीमाओं में किसी हालत में छूट नहीं दी जा सकेगी।

7. यह आवश्यक है कि उम्मीदवारों ने नीचे लिखी परीक्षाओं में से कोई एक परीक्षा पास की हो या उनके पास निम्नलिखित में से एक प्रमाण-पत्र हो:—

(1) भारत के केन्द्रीय अथवा राज्य विधान मण्डल के किसी अधिनियम द्वारा नियमित किसी विश्वविद्यालय की मैट्रिक परीक्षा;

(2) किसी राज्य के शिक्षा बोर्ड द्वारा माध्यमिक स्कूल कोर्स के अन्त में शालान्त (स्कूल लीविंग), माध्यमिक स्कूल, हाई स्कूल या ऐसे किसी और प्रमाण-पत्र के दिये जाने के लिए, जिसे वह राज्य सरकार नौकरी में प्रवेश के लिए मैट्रिक के प्रमाणपत्र के समकक्ष मानती हो, ली गई कोई परीक्षा;

(3) कैम्ब्रिज स्कूल प्रमाण-पत्र परीक्षा (सीनियर कैम्ब्रिज);

(4) राज्य सरकारों द्वारा ली गई यूरोपीय हाई स्कूल परीक्षा;

(5) दिल्ली पोलीटैक्नीक के तकनीकी हायर सैकेंण्डरी स्कूल की दसवीं कक्षा का प्रमाण-पत्र;

(6) भारत में किसी मान्यताप्राप्त हायर सेकेण्डरी स्कूल/बहु-उद्देशीय स्कूल द्वारा हायर सेकेंण्डरी पाठ्यक्रम/बहु-उद्देशीय पाठ्यक्रम (जो किसी छात्र को तीन वर्षीय डिग्री कोर्स के लिए पात्र बनाता है) के उपान्तिम वर्ष के अन्त में ली गई परीक्षा में उत्तीर्ण;

(7) इंडियन स्कूल सर्टिफिकेट परीक्षा के लिए छात्रों को तैयार कराने वाले किसी मान्यता प्राप्त स्कूल की दसवीं कक्षा का प्रमाण-पत्र;

(8) श्री अरविन्द अन्तर्राष्ट्रीय शिक्षा केन्द्र, पांडिचेरी के उच्चतर माध्यमिक पाठ्यक्रम की दसवीं कक्षा का प्रमाण-पत्र;

(9) जामिया मिलिया इस्लामिया, दिल्ली की जूनियर परीक्षा (केवल जामिया के वास्तविक आवासी छात्रों के लिए);

(10) बंगाल (साइंस) स्कूल सर्टिफिकेट;

(11) नेशनल काउन्सिल आफ एजूकेशन (राष्ट्रीय शिक्षा परिषद्) जादवपुर, पश्चिमी बंगाल की फाइनल स्कूल स्टन्डर्ड परीक्षा (प्रारम्भ से);

(12) गुजरात विद्यापीठ, अहमदाबाद की 'विनीत' परीक्षा;

(13) पांडिचेरी की नीचे लिखी फ्रेंच परीक्षाएं:—

(1) ब्रीवे एलिमेनटेएर;

(2) ब्रीवे द ए सीमा प्रोमियर द लांग इंडियन;

(3) ब्रीवे द एतवद द प्रीमिये सिकल,

(4) ब्रीवे द एंसीमा प्रीमीयेर सुपीरियेर दे लांग इंदियेन, और

(5) ब्रीवे दे लांग इंदियेन (वर्नाक्युलर);

(14) गोवा, दमन और दीव की पुर्तगाली परीक्षा 'लाइसियूम' के पांचवे वर्ष में पास;

(15) इंडियन आर्मी स्पेशल सर्टिफिकेट आफ एजूकेशन;

(16) भारतीय नौसेना का हायर एजुकेशन टैस्ट;

(17) एडवांस क्लास (भारतीय नौसेना) परीक्षा;

(18) सीलोन सीनियर स्कूल सर्टिफिकेट परीक्षा;

(19) ईस्ट बंगाल सैकण्डरी एजुकेशन बोर्ड ढाका द्वारा दिया गया प्रमाण-पत्र;

(20) बंगला देश स्थित कोमीला-राजशाही/खुलना/जैसोर के बोर्ड आफ सैकेण्डरी एजुकेशन द्वारा दिया गया सैकेण्डरी स्कूल प्रमाण-पत्र;

(21) नेपाल सरकार की स्कूल लीविंग सर्टिफिकेट परीक्षा;

(22) एंग्लोवर्नाक्यूलर स्कूल लीविंग सर्टिफिकेट (बर्मा);

(23) बर्मा हाई स्कूल फाईनल एग्जामिनेशन प्रमाण-पत्र (विश्वविद्यालय पाठ्यक्रम के लिए पात्रता सहित);

(24) शिक्षा विभाग बर्मा की एग्लोवर्नाक्यूलर हाई स्कूल परीक्षा (युद्ध-पूर्व);

(25) बर्मा का पोस्टवार स्कूल लीविंग सर्टिफिकेट;

(26) सामान्य स्तर पर श्रीलंका की जनरल सर्टिफिकेट आफ एजूकेशन परीक्षा यदि वह पांच विषयों में पास की गई हो;

(27) सामान्य स्तर पर लंदन के एसोसिएटेड एग्जामिनेशन बोर्डस की जनरल सर्टिफिकेट आफ एजुकेशन परीक्षा, यदि वह अंग्रेजी सहित पांच विषयों में पास की गई हो;

(28) किसी राज्य तकनीकी शिक्षा बोर्ड द्वारा ली गई जूनियर/सैक्शनरी तकनीकी स्कूल परीक्षा;

(29) वाराणसेय संस्कृत विश्वविद्यालय, वाराणसी की पूर्व मध्यमा (अंग्रेजी सहित) या पुरानी खंड मध्यमा (प्रथम दो वर्ष का पाठ्यक्रम) तथा अतिरिक्त विषयों में, जिनमें एक विषय अंग्रेजी हो, विशिष्ट परीक्षा;

(30) गोवा, दमन तथा दीव की स्वतन्त्रता से पूर्व पुर्तगाली शासन के अधीन इस्कोला इन्डस्ट्रीयल, कार्मिशयल दी गोवा, पणजी द्वारा दिए गए लुहार पाठ्यक्रम का प्रमाण-पत्र तथा बिजली-मिस्तरी पाठ्यक्रम का प्रमाण-पत्र;

(31) राष्ट्रीय भारतीय मिलिट्री कालेज डिप्लोमा परीक्षा;

(32) राष्ट्रीय संस्कृत संस्थान, नई दिल्ली द्वारा संचालित "मध्यमा" परीक्षा;

(33) कारपोरल के पद पर पदोन्नति के लिए परीक्षा निदेशालय, वायु-सेना मुख्यालय नई दिल्ली द्वारा ली जाने वाली भारतीय वायुसेना शैक्षिक परीक्षा;

(34) दिल्ली विश्वविद्यालय द्वारा 1965 में ली गई विज्ञान की अर्हक परीक्षा;

(35) शिक्षा मन्त्रालय, मलेशिया के सहयोग से कैम्ब्रिज स्थानीय परीक्षा सिंडीकेट विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित मलेशिया सर्टिफिकेट आफ एजुकेशन परीक्षा;

(36) पंजाब विश्वविद्यालय की उच्चतर माध्यमिक (कोर विषय) परीक्षा;

(37) ढाल प्रशिक्षण संस्थान, विशाखापत्तनम द्वारा संचालित (भारतीय नौसेना) परीक्षा पास करना;

(38) आंग्ल-भारतीय विद्यालय, मद्रास के निरीक्षक द्वारा जारी किया गया आंग्ल-भारतीय हाई स्कूल परीक्षा (स्टैंडर्ड) का प्रमाण-पत्र;

(39) भारतीय विद्यालय प्रमाण-पत्र परीक्षा परिषद् द्वारा संचालित माध्यमिक शिक्षा परीक्षा (कक्षा दसवीं परीक्षा) का भारतीय प्रमाण-पत्र, बशर्ते कि यह परीक्षा पांच विषय लेकर पास की गई हो जिसमें गणित, विज्ञान और कम-से-कम दो भाषाएं सम्मिलित हों। पांचवां विषय ग्रुप I के शेष विषयों (भारतीय इतिहास एवं संस्कृति नागरिक शास्त्र तथा भूगोल) अथवा ग्रुप II के विषयों (कला, तकनीकी ड्राइंग के साथ लकड़ी का कार्य अथवा धातु-कार्य, प्रारम्भिक गृह विज्ञान, प्रारम्भिक लेखा-जोखा और कार्यालय पद्धति के साथ आशु-लिपि तथा टंकण) में से कोई सा हो सकता है;

(40) तनजानिया सरकार की परीक्षा परिषद् द्वारा संचालित राष्ट्रीय फार्म IV परीक्षा।

(41) जामिया मिलिया इस्लामिया, दिल्ली द्वारा ली गई जामिया उच्चतर माध्यमिक परीक्षा;

(42) ऐस्कोला प्रोफैशनल डी इन बॉस्को, बाल्पोई (गोवा) द्वारा दिए गए कर्सो गिनबवैनल डी मेकैनिकों में पास हों;

(43) भारत के किसी उच्चतर माध्यमिक और बहुदेशीय विद्यालय से उपान्तिम वर्ष की परीक्षा पास की हो;

(44) कामेश्वर सिंह दरभंगा, संस्कृत विश्वविद्यालय, दरभंगा का नवीन उच्चतर मध्यमा (अंग्रेजी के साथ); और

(45) पश्चिमी बंगाल की मार्डन स्कूल फाइनल परीक्षा

टिप्पणी (2) कुछ विशिष्ट मामलों में, जहां कि उम्मीदवार के पास उक्त नियमों के अनुसार कोई उपाधि नहीं है केन्द्रीय सरकार उसे अर्हता-प्राप्त उम्मीदवार मान सकती है बशर्ते कि वह उस स्तर तक अर्हता प्राप्त है जो उस सरकार की राय में परीक्षा में प्रवेश करने के लिए यथोचित है।

(8) (1) जिस व्यक्ति ने—

(क) ऐसे व्यक्ति से विवाह या विवाह अनुबन्ध किया है, जिसका/जिसकी पति/पत्नी जीवित है, या

(ख) जिसने जीवित पति या पत्नी के होते हुए किसी व्यक्ति से विवाह या विवाह अनुबन्ध किया है, तो वह सेवा में नियुक्ति के लिए तब तक पात्र नहीं माना जाएगा जब तक कि केन्द्रीय सरकार संतुष्ट न हो जाए कि ऐसे व्यक्ति तथा विवाह में दूसरे पक्ष पर लागू वैयक्तिक कानून के अनुसार ऐसा विवाह स्वीकार्य है तथा ऐसा करने के अन्य कारण हैं और जब तक उसको इस नियम से छूट न दे दे।

(2) जिस व्यक्ति ने विदेशी राष्ट्रिक से विवाह किया है, वह भारतीय विदेश सेवा (ख) ग्रेड-VI की नियुक्ति के लिए पात्र नहीं माना जाएगा।

(3) जिस व्यक्ति के तीन से अधिक बच्चे हैं वह भारतीय विदेशी सेवा (ख) ग्रेड में नियुक्ति के लिए पात्र नहीं माना जाएगा।

9. जो उम्मीदवार स्थायी या अस्थायी हैसियत से पहले से सरकारी सेवा कर रहा हो, उसे इस परीक्षा में बैठने से पहले अपने विभाग के अध्यक्ष की अनुमति अवश्य ले लेनी चाहिए।

10 उम्मीदवार को मानसिक और शारीरिक दृष्टि से स्वस्थ होना चाहिए और उसमें कोई ऐसा शारीरिक दोष नहीं होना चाहिए जो संबंधित सेवा/पद के अधिकारी के रूप में अपने कर्त्तव्यों को कुशलता पूर्वक निभाने में बाधक हो। यदि सक्षम प्राधिकारी द्वारा विहित डाक्टरी परीक्षा के बाद किसी उम्मीदवार के बारे में यह ज्ञात हुआ कि वह इन अपेक्षाओं को पूरा नहीं कर सका है तो उसकी नियुक्ति नहीं की जाएगी। केवल उन्हीं उम्मीदवारों की डाक्टरी परीक्षा की जाएगी जिन पर नियुक्ति के लिए विचार किए जाने की सम्भावना होगी।

टिप्पणी—अशक्त भूतपूर्व रक्षा कार्मिकों के मामले में रक्षा सेवा के सैन्य विघटन डाक्टरी बोर्ड (डीमोबीलाइजेशन मेडिकल बोर्ड) द्वारा दिया गया स्वस्थता प्रमाण-पत्र नियुक्ति के प्रयोजन के लिए पर्याप्त समझा जाएगा।

11. परीक्षा में बैठने के लिए उम्मीदवार की पात्रता या अपात्रता के बारे में आयोग का निर्णय अन्तिम होगा।

12. किसी भी उम्मीदवार को परीक्षा में तब तक नहीं बैठने दिया जायेगा जब तक उसके पास आयोग का प्रवेश-पत्र (सर्टिफिकेट आफ एडमिशन) न हो।

13. सशस्त्र सेना से निवृत्त भूतपूर्व सैनिक तथा जिन्हें आयोग के विज्ञप्ति के पैरा iv के अन्तर्गत शुल्क की छूट दी गई है, को छोड़कर सभी उम्मीदवारों को आयोग के विज्ञप्ति के पैरा 8 (1) में विहित शुल्क देना होगा।

14. यदि उम्मीदवार ने अपनी उम्मीदवारी के लिए किसी प्रकार की सहायता प्राप्त करने का यत्न किया तो उसे परीक्षा में प्रवेश के लिए अयोग्य माना जा सकता है।

15. यदि किसी उम्मीदवार को आयोग द्वारा निम्नलिखित बातों के लिए दोषी घोषित कर दिया जाता है या कर दिया गया हो कि उसने

(i) किसी भी प्रकार से अपनी उम्मीदवारी के लिए समर्थन प्राप्त किया है, अथवा

(ii) नाम बदल कर परीक्षा दी है, अथवा

(iii) किसी अन्य व्यक्ति से छद्म रूप में कार्य साधन कराया है, अथवा

(iv) जाली प्रमाण-पत्र या ऐसे प्रमाण-पत्र प्रस्तुत किए हैं जिनमें तथ्यों को बिगाड़ा गया हो, अथवा

(v) गलत या झूठे वक्तव्य दिए हैं या किसी महत्वपूर्ण तथ्य को छिपाया है, अथवा

(vi) परीक्षा में प्रवेश पाने के लिए किसी अन्य अनियमित अथवा अनुचित उपायों का सहारा लिया है, अथवा

(vii) परीक्षा भवन; अनुचित तरीके अपनाये हैं, अथवा

(viii) परीक्षा भवन में अनुचित आचरण किया है, अथवा

(ix) उपर्युक्त खण्डों में उल्लिखित सभी अथवा किसी भी कार्य के द्वारा आयोग को अवप्रेरित करने का प्रयत्न किया है तो उस पर आपराधिक अभियोग (क्रिमिनल प्रासीक्यूशन) चलाया जा सकता है और उसके साथ ही उसे—

(क) आयोग द्वारा उस परीक्षा से, जिसका वह उम्मीदवार है, बैठने के लिए अयोग्य ठहराया जा सकता है, अथवा

(ख) उसे अस्थायी रूप से अथवा एक विशेष अवधि के लिए

(i) आयोग द्वारा ली जाने वाली किसी भी परीक्षा अथवा चयन के लिए,

(ii) केन्द्रीय सरकार द्वारा अपने अधीन किसी भी नौकरी से वारित किया जा सकता है, और

(ग) उपयुक्त नियमों के अधीन अनुशासनिक कार्यवाही की जा सकती है। यदि वह पहले से सरकारी नौकरी में हो।

16. परीक्षा के पश्चात् टंकण परीक्षा में पास होने वालों को अन्तिम रूप से प्रत्येक उम्मीदवार को लिखित परीक्षा में दिए गए कुल अंकों के आधार पर आयोग उम्मीदवारों की गुणानुक्रम में सूची बनाएगा और उसी क्रम से परीक्षा परिणामों के आधार पर भरे जाने के लिए निश्चित आरक्षित रिक्त स्थानों की संख्या के अनुसार जितने उम्मीदवारों को परीक्षा के द्वारा अर्हता प्राप्त समझेगा, उनकी नियुक्ति के लिए सिफारिश करेगा।

लेकिन यह भी शर्त है कि अनुसूचित जातियों और अनुसूचित आदिम जातियों के उम्मीदवारों के लिए निर्धारित आरक्षित रिक्तियों की संख्या सामान्य स्तर के अनुसार न भरी गई तो उनके लिए आरक्षित स्थानों की पूर्ति के लिए, अधीनस्थ सेवा आयोग निर्धारित सामान्य स्तर में रिआयत देकर भी अनुसूचित जातियों/अनुसूचित आदिम जातियों के सदस्यों के लिए आरक्षित स्थानों की संख्या तक स्थानों पर, परीक्षा में उनके योग्यता क्रम के स्थान पर ध्यान दिए बिना ही, उनकी नियुक्ति के लिए सिफारिश कर सकता है, बशर्ते कि वे सेवा में चुने जाने के योग्य हों।

आगे यह भी शर्त है कि अनुसूचित जाति/अनुसूचित आदिम जाति के भूतपूर्व सैनिक उम्मीदवारों के लिए निर्धारित आरक्षित रिक्तियों की संख्या सामान्य स्तर के अनुसार न भरी गई तो उनके लिए आरक्षित स्थानों की पूर्ति के लिए अधीनस्थ सेवा आयोग सामान्य स्तर में रिआयत देकर भी भूतपूर्व सैनिकों के लिए आरक्षित स्थानों में से अनुसूचित जाति/अनुसूचित आदिम जाति के भूतपूर्व सैनिकों के लिए आरक्षित स्थानों की संख्या तक स्थानों पर, परीक्षा में उनके योग्यता क्रम के आयोग पर ध्यान दिए बिना ही उनकी नियुक्ति के लिए सिफारिश कर सकता है, बशर्ते कि वे सेवा में चुने जाने के योग्य हों।

17. परीक्षा-परिणाम के आधार पर नियुक्तियां करते समय किसी उम्मीदवार द्वारा आवेदन पत्र में विभिन्न सेवाओं/पदों के लिए (आवेदन पत्र के कालम 14 में) बताई गई प्राथमिकताओं का समुचित ध्यान रखा जाएगा।

18. हर एक उम्मीदवार को परीक्षा-फल की सूचना किस रूप में तथा किसी प्रकार दी जाए, इसका निर्णय आयोग अपने विवेकानुसार करेगा और आयोग परीक्षा-फल के सम्बन्ध में उनसे कोई पत्र व्यवहार नहीं करेगा।

